# न्यायालय जिला कलेक्टर,टोंक

(चिन्मयी गोपाल, आई.ए.एस द्वारा अध्यासित )

प्रकरण संख्या — 06 / 2022

प्रविष्टि दिनांक — 22.08.2022

जरिये धर्मचन्द अग्रवाल, प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय जिला रसद अधिकारी टोंक
– प्रार्थी

बनाम

मै0चटकारा नॉनवेज रेस्टोरेंट कोटा जयपुर रोड नेशनल हाईवे टोंक
– अप्रार्थी

**जब्तशुदा 4 घरेलू गैस सिलेण्डर मय लोहे की भट्टी को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 ए के तहत निस्तारण कर राजसात करने बाबत**

उपस्थितः–

1– पेराकार सरकार – प्रार्थी की ओर से

2– अप्रार्थी स्वंय

## निर्णय

दिनांक 30.11.2022

प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त में सार इस प्रकार है कि दिनांक 07.08.2022 को प्रवर्तन अधिकारी, जिला रसद कार्यायल टोंक बहमराह तहसीलदार टोंक के साथ मै0 चटकारा नॉनवेज रेस्टोरेंट, कोटा जयपुर रोड नेशनल हाईवे टोंक के व्यवसाय स्थल का निरीक्षण करने पर व्यवसायी द्वारा घरेलू गैस श्रेणी के सिलेण्डर (मानकभार 14.2 KG ) को ईधन के रूप में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बनाने में प्रयुक्त किया जा रहा था। मौके पर 4 घरेलू गैस श्रेणी के सिलण्डर रखे पाये गये जिनमें से एक सिलेण्डर रबर पाईप, रेगुलेटर एवं गैस भट्टी के माध्यम से जुडा हुआ था। घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण व ईधन के रूप में अवैध रूप प्रयोग करने के कारण उक्त 4 सिलेण्डर मय रबर पाईप, रेगुलेटर एवं लोहे की भट्टी सहित मौके पर फर्द अभिग्रहण तैयार की गई जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

(सभी मात्रा किलोग्राम में)

| क्र.स. | एस.आर. नम्बर | कम्पनी का नाम | [illegible] | सि[illegible]डर | सिलेण्डर का वजन तौलने पर | शुद्ध गैस |
|---|---|---|---|---|---|---|

Signature Not Verified
Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:58:37 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय जिला कलेक्टर टोंक (राजस्थान) सत्यमेव जयते

जिला कलेक्टर
टोंक

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 176910S | (BPCL) | 14.2 | 15.8 | 24.7 | 8.9 |
| 02 | 836250S | (BPCL) | 14.2 | 16.0 | 25.1 | 9.1 |
| 03 | 143487S | (BPCL) | 14.2 | 15.6 | 15.6 | 0.0 |
| 04 | 13500G | (BPCL) | 14.2 | 16.0 | 28.4 | 12.4 |
| योग | | | | | | 30.4 |

इस प्रकार व्यवसायी द्वारा घरेलू गैस सिलण्डरों का अवैध भण्डारण एवं व्यवसायिक कार्यो में दुरूपयोग कर एलपीजी कन्ट्रोल आर्डर 2000 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लघंन है।उक्त जब्तशुदा सामग्री को राजसात किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

पत्रावली दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी की गयी। प्रकरण मे पेरोकार सरकार एंव अप्रार्थी की बहस सुनी गई।

पेरोकार सरकार ने दौराने बहस कथन किया कि दिनांक 07.08.2022 को प्रवर्तन अधिकारी, जिला रसद कार्यायल टोंक बहमराह तहसीलदार टोंक के साथ मै0 चटकारा नॉनवेज रेस्टोरेंट, कोटा जयपुर रोड नेशनल हाई वे टोंक के व्यवसाय स्थल का निरीक्षण करने पर व्यवसायी द्वारा घरेलू गैस श्रेणी के सिलेण्डर (मानकभार 14.2 KG ) को ईधन के रूप में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बनाने में प्रयुक्त किया जा रहा था। मौके पर 4 घरेलू गैस श्रेणी के सिलण्डर रखे पाये गये जिनमें से एक सिलेण्डर रबर पाईप, रेगुलेटर एवं गैस भट्टी के माध्यम से जुडा हुआ था। मौके पर होटल पर श्री अजय महावर पुत्र श्री वेदप्रकाश महावर निवासी संतोष नगर बमोर रोड, टोंक हॉल कार्मिक चटकारा नॉनवेज रेस्टोरेंट पर मौजूद मिलें जिनकी उपस्थिति में निरीक्षण एवं अभिग्रहण की कार्यवाही की गई। इस प्रकार व्यवसायी द्वारा घरेलू गैस सिलण्डरों का अवैध भण्डारण एवं व्यवसायिक कार्यो में दुरूपयोग कर एलपीजी कन्ट्रोल आर्डर 2000 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लघंन है। इस कारण उक्त 4 घरेलू गैस सिलेण्डरों मय 30.4 Kg एलपीजी गैस, रबर पाईप, रेगुलेटर एवं लोहे की भट्टी जब्त किया गया तथा जब्त सामग्री मय 4 गैस सिलेण्डर को सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित रखने हेतु टोंक गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के प्रतिनिधि श्री किशोर महावर पुत्र श्री छोटूराम महावर की सपुदर्गी में दिया जाकर निर्देशित किया गया कि जब भी जहॉ भी राज्य सरकार मांगे प्रस्तुत करे तथा इनको खुर्द–बुर्द नही करें। व्यवसायी ने उक्त कृत्य कर एलपीजी (प्रदाय और वितरण का विनियमन) आदेश 2000 का स्पष्ट उल्लघंन किया है। उक्त जब्तशुदा 4 घरेलू गैस सिलेण्डरों मय 30.4 Kg एलपीजी, रबर पाईप, मय रेगुलेटर व लोहे की भट्टी को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होने से उक्त सामग्री जप्त सरकार कि गई है जिसे राजसात किया जावे।

अप्रार्थी ने जवाब प्रार्थना पत्र पेश न कर प्रकरण का उचित निस्तारण किये जाने का अनुरोध किया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:58:37 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय जिला कलेक्टर
सत्यमेव जयते
टोंक (राजस्थान)

जिला कलेक्टर
टोंक

हमने पेरोकार सरकार की बहस एंव अप्रार्थी के कथन पर मनन किया व पत्रावली का अध्ययन किया गया। फर्द मौका जप्ती दि0 07.08.2022 के अनुसार मै0 चटकारा नॉनवेज रेस्टोरेंट, कोटा जयपुर रोड नेशनल हाई वे टोंक के व्यवसाय स्थल का निरीक्षण करने पर मौके पर घरेलू गैस सिलेण्डरों को ईधन के रूप में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बनाने का कार्य करने के कारण कुल 4 सिलेण्डर मय लोहे की भट्टी सहित मौके पर जब्त कर तौल पर्ची तैयार की गई जिसका विवरण निम्नानुसार है।

(सभी मात्रा किलोग्राम में)

| क्र.स. | एस.आर. नम्बर | कम्पनी का नाम | मानक भार | खाली सिलेण्डर वजन | सिलेण्डर का वजन तौलने पर | शुद्व गैस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 176910S | (BPCL) | 14.2 | 15.8 | 24.7 | 8.9 |
| 02 | 836250S | (BPCL) | 14.2 | 16.0 | 25.1 | 9.1 |
| 03 | 143487S | (BPCL) | 14.2 | 15.6 | 15.6 | 0.0 |
| 04 | 13500G | (BPCL) | 14.2 | 16.0 | 28.4 | 12.4 |
| योग | | | | | | 30.4 |

जांच करने पर दुकान/होटल मे मौके पर 4 घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण किया जाना पाया गया। फर्द मौका/जप्ती पर किशोर तथा अजय के हस्ताक्षर है। सुपुर्दगीनामे पर भी अजय व किशोर के हस्ताक्षर है। टोंक गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के प्रतिनिधि किशोर महावर को उक्त सामग्री सुपुर्दगी मे दी गई है।

घरेलू गैस जिस पर सरकार द्वारा समय–समय पर सब्सिडी दी जाती है को घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण व ईधन के रूप में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बनाने के कार्य में प्रयोग करने से उक्त कृत्य कर एलपीजी आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लघन है जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। अतः उक्त सामग्री को राजसात किया जाना उचित प्रतीत होता है।

फलतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा जब्तशुदा 4 नग उक्त वर्णित घरेलू रसोई गैस सिलेण्डर मय 30.4 kg को राजसात किया जाता है। जिला रसद अधिकारी टोंक को निर्देशित किया जाता है कि जब्तशुदा सामग्री का नियमानुसार निस्तारण करे।

निर्णय आज दिनांक 30.11.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(चिन्मयी गोपाल)
जिला कलेक्टर
टोंक

न्यायालय जिला कलेक्टर टोंक (राजस्थान) सत्यमेव जयते

Signature Not Verified

Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:58:37 IST
Reason: SelfAttested